हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Ambala 08.09.2024 - 08 Sep 2024 - Page 4

# लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गणेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षक व विद्यार्थी।

लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में गणेश उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कॉलेज को रंगोली, फूलों और रोशनी से सुसज्जित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश सांगवान, और प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता ने भगवान गणेश के दर्शन किए और स्टाफ व विद्यार्थियों ने भी गणेश का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी केवल एक त्योहार नहीं है, बल्कि यह जीवन, ज्ञान और समृद्धि का उत्सव है। भगवान गणेश, जो ज्ञान, बुद्धिमत्ता और बाधाओं को दूर करने के प्रतीक हैं, की विशेष झांकी सजाई गई। इस दौरान सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों ने पूजा में भाग लिया, प्रार्थना की और भक्ति गीत गाए। इस मौके पर कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में त्योहारों को मिलकर मनाने से छात्रों के बीच संबंध मजबूत होते हैं और समुदाय की भावना का विकास होता है। कॉलेज सचिव रमेश सांगवान ने भगवान गणेश और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को आध्यात्मिक संबंध और उद्देश्य की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता ने गणेश चतुर्थी पर छात्रों को भारतीय संस्कृति, इतिहास और पौराणिक कथाओं के बारे में जानकारी दी। सभी मेहमानों और विद्यार्थियों ने गणेश जी की महिमा का गुणगान किया।

# लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गणेश उत्सव

बराड़ा, 7 सितम्बर (राजेन्द्र शर्मा): लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में गणेश उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कॉलेज को रंगोली, फूलों और रोशनी से सुसज्जित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश सांगवान और प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता ने भगवान गणेश की पूजा अर्चना की और कहा कि गणेश चतुर्थी केवल एक त्योहार नहीं है, बल्कि यह जीवन, ज्ञान और समृद्धि का उत्सव है। भगवान गणेश ज्ञान, बुद्धिमत्ता और बाधाओं को दूर करने के प्रतीक हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय द्वारा भगवान गणेश की झांकी सजाई गई। कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में त्यौहारों को मिलकर मनाने से छात्रों के बीच संबंध मजबूत होते हैं और समुदाय की भावना का विकास होता है। कॉलेज सचिव रमेश सांगवान ने भगवान गणेश और उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को आध्यात्मिक संबंध और उद्देश्य की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता ने गणेश चतुर्थी पर छात्रों को भारतीय संस्कृति, इतिहास और पौराणिक कथाओं के बारे में जानकारी देते हुए कामना की कि यह त्योहार सभी के जीवन में खुशी, समृद्धि और सफलता लेकर आए।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षक व विद्यार्थी।

# कांग्रेस को जेल जाने वाले उम्मीदवार पसंद : विज

अम्बाला छावनी, 7 सितम्बर (अ.स): हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने हाल ही में जारी हुई कांग्रेस की लिस्ट पर तंज कसते हुए कहा कि जिन लोगों पर केस चल रहे है कांग्रेस ने उन्हे उम्मीदवार बनाया है। इससे कांग्रेस की मानसिकता का पता लगता है। कांग्रेस ने अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है, के बारे में मीडिया कर्मियों के सवाल का जवाब देते हुए हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने तंज कसा और कहा कि कांग्रेस ने उन लोगों को भी टिकट दी है जिन पर केस चल रहा है, कांग्रेस को जेल जाने वाले उम्मीदवार पसंद है सुरेंद्र पवार जो जेल में है उन्हें टिकट दिया गया है। इससे कांग्रेस की सोच का पता लगता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुड्डा की प्रॉपर्टी ईडी ने अटैच भी की है और उन्हें भी टिकट दी गई है।

अजीत समाचार
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
08-Sep-2024
Page: 9
http://www.ajitsamachar.com/20240908/27/9/1_1.cms

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Ambala 15.09.2024 - 15 Sep 2024 - Page



कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कॉलेज स्टूडेंटस व स्टाफ।

# बराड़ा: नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ

बराड़ा। लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के आरंभ के अवसर पर अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान, प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता, सभी शिक्षक गण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक जगवीर सिंह ने किया। प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता ने सभी नए छात्रों का महाविद्यालय में स्वागत किया और उन्हें शैक्षणिक यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके बाद महाविद्यालय के शिक्षकों ने अपने-अपने विषयों का परिचय देते हुए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान प्राध्यापक जगवीर सिंह ने बी.एड. प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

लिए सभी को प्रोत्साहित किया।

# शिक्षण महाविद्यालय में अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन

बराड़ा, (जगमार्ग न्यूज़)। लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के आरंभ के अवसर पर अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज चेयरमैन राजकुमार सांगवान, प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता, सभी शिक्षक गण और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। मंच संचालन सहायक प्राध्यापक जगवीर सिंह ने किया। प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता ने सभी नए छात्रों का महाविद्यालय में स्वागत किया और उन्हें शैक्षणिक यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके बाद महाविद्यालय के शिक्षकों ने अपने-अपने विषयों का परिचय देते हुए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। इस दौरान प्राध्यापक जगवीर सिंह ने बी.एड. प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। विभा गुप्ता ने कॉलेज के वार्षिक कैलेंडर और बी.एड. पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी साझा की, जबकि प्राध्यापिका पूजा रानी ने महाविद्यालय की वार्षिक गतिविधियों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें महाविद्यालय की सभी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर एक उत्कृष्ट शिक्षक बनने के लिए प्रेरित किया।



हिंदी दिवस कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

# महाविद्यालय के प्रांगण में हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन

बराड़ा, 14 सितम्बर (राजेन्द्र शर्मा): लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान, संस्था के सचिव रमेश सांगवान और कॉलेज की प्राचार्या डॉक्टर रेनू सहोता मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ दीप प्रज्वलित करके किया गया। हिंदी दिवस कार्यक्रम के उपलक्ष्य में पोस्टर बनाओ, कविता पाठ, भाषण, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। हिंदी के विकास और हिंदी के संशोधन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बी.एड. छात्रा नवजोत कौर ने कविता के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रेम को अभिव्यक्त किया। सिमरनजीत कौर ने भी अपने भाषण में हिंदी भाषा को शिक्षा का आधार बताया। रक्षान्धा, आरती ने हिंदी भाषा को मनोरंजक बनाने के लिए और छात्रों में रुचि जागृत करने के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से हिंदी भाषा के महत्व को बताया। प्राचार्या डॉ. रेनू सहोता ने हिंदी की महिमा बताते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हिन्दी दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। कॉलेज सचिव रमेश कुमार सांगवान ने भारत की एकता-हिंदी, भारत की विभिन्न भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ने के लिये एक सेतु का काम करती है। इस अवसर पर समस्त स्टाफ और छात्र उपस्तिथ रहे।


अजीत समाचार 15-Sep-2024
Page: 6
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20240915/27/6/1_1.cms



कॉलेज प्रांगण में पौधारोपण करते हुए।

# महाविद्यालय के परिसर में एक दिवसीय विशेष पौधारोपण अभियान को बच्चों और शिक्षकों ने मिल कर मनाया

बराड़ा, 17 सितम्बर (राजेन्द्र शर्मा): लार्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के परिसर में एक दिवसीय विशेष वृक्षारोपण अभियान को सभी बच्चों और शिक्षकों द्वारा मिल कर मनाया गया। यह स्वच्छता अभियान पिछले वर्ष प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किये गये एक अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' जो माताओं को श्रद्धांजलि के रूप में पेड़ लगाने और देश भर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने का आह्वान करता है। इस अभियान के अंतर्गत वर्ष 2024 में 80 करोड़ पौधे लगाये जा चुके हैं और अभी 2025 तक 140 करोड़ पौधे लगाने का महत्वकांक्षी लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान का मकसद पर्यावरण को बचाना जलवायु परिवर्तन से निपटना है। इस अभियान के तहत पौधारोपण के समय शिक्षकों और छात्रों को पौधों को सुरक्षित रखने की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में कॉलेज प्राचार्य ने बच्चों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह अभियान चला कर सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगने के लिए प्रेरित किया है। वही उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि कम से कम एक पेड़ मां के नाम जरुर लगाये। कॉलेज चेयरमैन राज कुमार सांगवान ने बताया कि पी.एम मोदी ने पर्यावरण दिवस पर यह अभियान शुरू किया। इस अभियान को मां के साथ जोड़ा गया और साथ ही सभी विद्यार्थियों से कहा कि मां के साथ मिलकर या मां के नाम पर एक पेड़ जरुर लगए।

अजीत समाचार 18-Sep-2024
Page: 6
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20240918/27/6/1_1.cms

# शिक्षण महाविद्यालय में हवन यज्ञ व भाषण प्रतियोगिता करवाई



टक्सटीन

बराडा (जगमार्ग न्यूज)। लार्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन अधोया में 'वैदिक सनातन धर्म' की महत्ता को दर्शाने के लिए हवन यज्ञ एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंडित रमाकांत एवं कॉलेज की प्रधान कृष्णा सांगवान और रितु सांगवान ने विशिष्ट अतिथियों के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रेनू मेहता ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए किया। उन्होंने आये हुए मेहमानों एवं विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के हवन यज्ञ तथा शैक्षणिक गतिविधियों से छात्रों में सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों का समावेश होता है। सम्माननीय अतिथि के रूप में पंडित रमाकांत ने सभी विद्यार्थियों को यज्ञ में आहुति देने का महत्त्व बताया। उन्होंने बताया कि जीवन में कभी लालच न करें सब को समान भाव से देखना ही हमारी संस्कृति का मूल्य रहा है। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन राज कुमार सांगवान ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम हमें सद् मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते है।

कॉलेज सचिव रमेश कुमार सांगवान ने हवन करने के वैज्ञानिक कारणों पर चर्चा की और बताया कि हवन से वातावरण शुद्ध हो जाता है।

मंच का संचालन सहायक प्राध्यापक जगबीर सिंह द्वारा किया गया। प्रो पूजा रानी ने आए हुए सभी मेहमानों का धन्यवाद किया और सभी के जीवन में सफलता समृद्धि व उन्नति की कामना की।



हवन यज्ञ करते हुए।

# 'वैदिक सनातन धर्म' की महता को दर्शाने के लिए हवन यज्ञ एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

बराड़ा, 18 सितम्बर (राजेन्द्र शर्मा): लार्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन अधोया में 'वैदिक सनातन धर्म' की महता को दर्शाने के लिए हवन यज्ञ एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंडित रमाकांत एवं कॉलेज की प्रधान कृष्णा सांगवान और रितु सांगवान ने विशिष्ट अतिथियों के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रेनू सोहता ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए किया। डॉ. रेनू सोहता ने आये हुए मेहमानों एवं विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के हवन यज्ञ तथा शैक्षणिक गतिविधियों से छात्रों में सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों का समावेश होता है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों के जीवन में प्रत्येक कार्य को एकाग्रता से सुनिश्चित करना होता है। सम्माननीय अथिति के रूप में पंडित रमाकांत ने सभी विद्यार्थियों का हवन यज्ञ में सम्मलित होने पर बधाई दी और उन्हें यज्ञ में आहुति देने का महत्त्व बताया। कॉलेज सचिव रमेश कुमार सांगवान ने हवन करने के वैज्ञानिक कारणों पर चर्चा की और बताया कि हवन से हमारे पर्यावरण की शुद्धि होती है और वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है और नित्य प्रति हवन करना चाहिए जिसके कारण वातावरण शुद्ध हो जाता है। मंच का संचालन सहायक प्राध्यापक जगबीर सिंह द्वारा किया गया। प्राधिपका पूजा रानी ने आए हुए सभी मेहमानों का धन्यवाद किया और सभी के जीवन में सफलता समृद्धि व उन्नति की कामना की।

अजीत समाचार 19-Sep-2024
Page: 6
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20240919/27/6/1_1.cms

# नदियों के संरक्षण और स्वच्छता के प्रति छात्रों ने दोहराई प्रतिबद्धता

**बराड़ा।** लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में विश्व नदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नदियों की वर्तमान स्थिति पर आधारित एक चलचित्र दिखाकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य, डॉ. रेनू सोहता ने कहा, /"मनुष्य नदियों का प्रयोग विभिन्न कार्यों के लिए करता है, जैसे पीने के पानी की आपूर्ति और विद्युत उत्पादन। नदियों में फेंका जा रहा कचरा न केवल नदियों को दूषित करता है, बल्कि जलीय जीवों और वन्यजीवों को भी गंभीर नुकसान पहुंचाता है।/" उन्होंने यह भी कहा कि इस दिवस का उद्देश्य नदियों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। महाविद्यालय के अध्यक्ष राजकुमार ने हिंदू धर्म में नदियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, /"हिंदू धर्म में नदियों को पवित्र माना जाता है और उनकी पूजा की जाती है।

# लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में विश्व नदी दिवस मनाया

बराड़ा (जनमार्ग न्यूज़)। लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में विश्व नदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नदियों की वर्तमान स्थिति पर आधारित एक चलचित्र दिखाकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य, डॉ. रेनू सोहता ने कहा, ßमनुष्य नदियों का प्रयोग विभिन्न कार्यों के लिए करता है, जैसे पीने के पानी की आपूर्ति और विद्युत उत्पादन। नदियों में फेंका जा रहा कचरा न केवल नदियों को दूषित करता है, बल्कि जलीय जीवों और वन्यजीवों को भी गंभीर नुकसान पहुंचाता हैÞ उन्होंने यह भी कहा कि इस दिवस का उद्देश्य नदियों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। महाविद्यालय के अध्यक्ष राजकुमार ने हिंदू धर्म में नदियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, ßहिंदू धर्म में नदियों को पवित्र माना जाता है और उनकी पूजा की जाती है।

# लॉर्ड कृष्णा कॉलेज में मनाया विश्व नदी दिवस

अटल हिंद संवाददाता

अम्बाला, 24 सितंबर। लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय के परिसर में विश्व नदी दिवस मनाया गया। यह दिवस हर साल सितंबर महीने के चौथे रविवार को मनाया जाता है। जो इस साल 24 सितंबर को मनाया गया विश्व नदी दिवस के आयोजन को संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियो ने जल के लिए जीवनदशक के उद्देश्य के लिए एक अच्छा विकल्प माना है। इस दिवस की शुरुआत 2005 म हुईथी। इस साल पहले विश्व नदी दिवस मनाया गया था। तभी से आज तक हर साल विश्व नदी दिवस मनाया जा रहा है। आज विश्व नदी दिवस के अवसर पर कॉलेज में विद्यार्थियों को एक चलचित्र के माध्यम से नदियों की वास्तविक स्थिति दिखाकर जागरूक किया गया। यह दिवस सभी नदियों के बार में लोगों में जागरूकता बढ़ाने और उनके संरक्षण को



प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। कॉलेज प्राचार्यडॉ रेनू सोहता नेबताया किमनुष्य नदियों का प्रयोग अनेक कार्यों के लिए करता है। जैसे पीने के पानी के लिए और विद्युत बांधों से बिजली पैदा करने के लिए इसके अलावा नदियां कई पशुओं और जलीय जीवों के लिए रहने का स्थान होती है। नदियो में फेंका जा रहा कचरा नदियों को दूषित करता है जिससे उसमें रहने वाले जीवों को नुकसान पहुंचता है।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Ambala 11-12-2024 - 1

## मानवाधिकार दिवस का आयोजन

**बराड़ा।** लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को मानवाधिकार दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस वर्ष के आयोजन का विषय था /"हमारा अधिकार, हमारा भविष्य/"। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्राध्यापक प्रवीण कुमार ने छात्रों को मानवाधिकारों के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मानवाधिकारों के 30 प्रमुख पहलू हैं, जो प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा और स्वतंत्रता की रक्षा करते हैं।



विद्यार्थियों को संबोधित करते चेयरमैन।

# लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में मानवाधिकार दिवस का आयोजन

बराड़ा, 10 दिसम्बर (राजेन्द्र शर्मा): लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया। जिसका विषय हमारा अधिकार हमारा भविष्य है। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्राध्यापक प्रवीण कुमार ने मानवाधिकार के बारें में उपस्थित सभी छात्रों को जागृत किया और बताया कि हमारे 30 मानव अधिकार है जो प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा और स्वतंत्रता की रक्षा करते है। इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य दुनिया भर में इन अधिकारों के प्रति सम्मान और जागरूकता को बढ़ाना है। कॉलेज प्राचार्या डॉ. रेनू सोहता ने बताया कि आज की दुनिया में गरीबी सब से बड़ी मावाधिकार चुनौती बनी हुई है। इसे एक मानवाधिकार दायित्व के रूप में देखना और मिटाना आवश्यक है। कॉलेज सचिव रमेश सांगवान ने बताया कि आज के युवाओं का शिक्षा के साथ-साथ मानवाधिकार से भी परिचित करवाना होगा तभी हर इंसान स्वतंत्रता, समानता, सम्मान और अधिकार के प्रति जागरूक होगा यह दिन यह भी दर्शाता है कि मानवाधिकार केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं बल्कि जीवन जीने का तरीका है जिस से हर किसी को समान अवसर, सुरक्षा और सम्मान मिलता है। कॉलेज चेयरमैन राज कुमार सांगवान ने बताया कि मानवाधिकार दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं है, बल्कि यह मानवता के लिए एक प्रेरणा है। यह हमें याद दिलाता है कि हर व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के समान अधिकार मिलना चाहिए। मानवाधिकार की रक्षा करना और इसे बढ़ावा देना सभी का कर्तव्य है ताकि हम न्यायपूर्ण और समान समाज का निर्माण कर सके। इस अवसर पर समस्त स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे।

अजीत समाचार 11-Dec-2024
Page: 8
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20241211/27/8/1_1.cms

# ट्रांसफॉर्मिंग वर्क कल्चर प्रैक्टिशनर पर्सनल व्यू एंड बिलीव विषय पर कार्यशाला आयोजित



अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए आयोजक।

बराड़ा, 20 दिसम्बर (राजेन्द्र शर्मा): लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में ट्रांसफॉर्मिंग वर्क कल्चर प्रैक्टिशनर पर्सनल व्यू एंड बिलीव विषय पर एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रोफेसर मोहनलाल, प्रधानाचार्य मनभावनी भल्ला, चेष्टा सेलूजा, ब्रह्मकुमारी चेतना, ब्रह्मकुमारी सविता व कॉलेज के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान, सचिव रमेश सांगवान, तथा कालेज प्राचार्य डॉक्टर रेनू सहोता द्वारा दीप प्रज्वलित करके की गई। मंच का संचालन सहायक पराध्यापिका विभा गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में कॉलेज अध्यक्ष राजकुमार सांगवान ने सभी अतिथि गणों का स्वागत किया और इसके पश्चात कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर रेनू सोहता द्वारा सभी आमंत्रित सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया और कार्यशाला के कराए जाने के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। क्षेत्रीय कार्यकाल को उद्घाटन स्तर, आधार व्याख्यान स्तर, तकनीकी स्तर तथा समापन सत्रों में विभाजित किया गया। उद्घाटन सत्र में गवर्नमैंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल थंबड की प्रधानाचार्य मनभावनी भल्ला ने कार्य संस्कृति का अर्थ महत्व आधुनिक जीवन में कार्य संस्कृति के क्या प्रभाव पड़े हैं विस्तार से व्याख्यान किया और बताया कि नई शिक्षा निती 2020 में भी कार्य संस्कृति को ध्यान में रखकर नया पाठ्यक्रम बनाया गया है। इसके पश्चात जय पब्लिक स्कूल की भूतपूर्व प्रधानाचार्य मिस चेष्टा सेलूजा ने कार्य संस्कृति का स्कूल में वर्तमान स्तर पर जैसे शिक्षा पाठ्यक्रम बच्चे व समाज में आपस में कैसे सहयोग द्वारा वातावरण धनात्मक बनाया जा सके और उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सृजनात्मकता व नए-नए अविष्कारों पर बल दिया जिसके द्वारा हम कार्य संस्कृति को बदल सकते हैं। इसके पश्चात ब्रह्मकुमारी दीदी चेतना ने आधुनिक समय में आत्म को परमात्मा से कैसे मिलाया जाए कैसे हम जीवन में खुशी व प्रेम जैसे देवीय गुणों को प्राप्त कर सकते हैं तकनीकी स्तर प्रोफेसर डॉक्टर मोहन लाल प्रधानाचार्य, टेकचंद कॉलेज आफ एजुकेशन, कुरुक्षेत्र ने बदलते समाज में शिक्षा की महत्व के बारे में बताया कि आज के समय में शिक्षा का अहम रोल है जो समाज में व्यक्ति को जीने लायक व कार्य संस्कृति के बदलते स्वरूप में अपने आप को कैसे डालना है यह सब कुछ सिखाती है। ब्रह्मकुमारी दीदी सविता ने बदलते समाज में नकारात्मकता बढ़ने के कारण समाज में बहुत परिवर्तन आए जिसके कारण अहिंसा, शोषण व भेदभाव बढ़े हैं।

अजीत समाचार 21-Dec-2024
Page: 7
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20241221/27/7/1_1.cms



लोहड़ी पर्व मनाते कालेज के विद्यार्थी व स्टाफ।

# लोहड़ी व मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया

बराड़ा, 13 जनवरी (राजेन्द्र शर्मा): लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया बराड़ा में लोहड़ी व मकर संक्रांति का त्यौहार बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोटेरियन इंद्रजीत सिंह, रोटेरियन राजमोहन, रोटेरियन निवेदिता व प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान व सचिव रमेश सागंवान उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों का स्वागत कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर रेनू सोहता व उपस्थित शिक्षक स्टाफ ने पुष्प देकर किया। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान व अन्य अतिथियों द्वारा अग्नि प्रज्वलन करके किया गया। लोहड़ी जलाकर उसकी परिक्रमा की गई तथा मूंगफली रेवड़ी व पॉपकॉर्न डालकर लोहड़ी की अग्नि में आहुति दी गई। सभी ने मिलकर 'सुंदर मुन्दारिऐ हो' लोकगीत गाकर तथा अन्य पंजाबी गीतों पर लोहड़ी के आसपास उत्साह पूर्वक नृत्य किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच का संचालन बीएड प्रथम वर्ष के छात्र हर्ष व बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा पलविंदर ने किया। बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी, अमीषा, रकशन्धा व आरती ने पंजाबी लोकगीतों पर नृत्य कर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। सोनिया व सहज ने हरियाणवी लोकगीत पर नृत्य करके अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सचिव रमेश सांगवान ने विद्यार्थियों से अतीत की बुरी यादों को छोड़कर जीवन में सकारात्मक रहने का संदेश दिया। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर रेनू सहोता ने कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथियों कॉलेज शिक्षण स्टाफ, गैर शिक्षण स्टाफ व विद्यार्थियों को लोहड़ी पर्व की बधाई दी।

अजीत समाचार 14-Jan-2025
Page: 8
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20250114/27/8/1_1.cms

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Ambala 14-01-2025 - 14 Jan 2025 - Page 4

# छात्रों ने लोहड़ी पर मचाया धमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में लोहड़ी व मकर संक्रांति का त्योहार बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोटेरियन इंद्रजीत, रोटेरियन राजमोहन , रोटेरियन निवेदिता व कॉलेज की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान व सचिव रमेश सागंवान उपस्थित रहे । मुख्य अतिथियों का स्वागत कॉलेज प्राचार्य डॉ रेनू सोहता व स्टाफ ने पुष्प देकर किया। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान व अन्य अतिथियों द्वारा अग्नि प्रज्वलन करके किया गया। कॉलेज में लोहड़ी जलाकर उसकी परिक्रमा की गई तथा मूंगफली रेवड़ी व पॉपकॉर्न डालकर लोहड़ी की अग्नि में आहुति दी गई । सभी ने मिलकर सुंदर मुन्दारिऐ हो. . . . लोकगीत गाकर गीतों पर उत्साह पूर्वक नृत्य किया। इस अवसर पर



बराड़ा। कॉलेज प्रांगण में लोहड़ी मनाते शिक्षक व छात्र।

विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रा खुशी, अमीषा, रकशंधा व आरती ने पंजाबी लोकगीतों पर नृत्य कर सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। सोनिया व सहज ने हरियाणवी लोकगीत पर नृत्य करके अपनी प्रस्तुति दी। सचिव रमेश सांगवान ने विद्यार्थियों से बुरी यादतें छोड़ने की अपील की।



विद्यालय में तिरंगा फहराते हुए।

# लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया

बराड़ा, 27 जनवरी (राजेन्द्र शर्मा): लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया, बराड़ा में गणतंत्र दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें कॉलेज अध्यक्ष राजकुमार सांगवान व सचिव रमेश सांगवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ ध्वजारोहण करके किया गया। मंच का संचालन सहायक प्रोफेसर जगबीर सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना के द्वारा किया गया। बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा कोमल, सोनिया व बीएड प्रथम वर्ष के छात्र अमन बिंदल ने कविता द्वारा अपने भाव प्रकट किये। बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा रचना व बीएड प्रथम वर्ष के छात्र अमन ने देश भक्ति गीत गाए। बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा रकशन्दा ने ट्रामा सेंटर के ऊपर एक स्पीच दी। कॉलेज के प्राध्यापक प्रवीण कुमार द्वारा 26 जनवरी मनाने के कारण व संक्षिप्त में ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर चर्चा की गई। बीएड प्रथम वर्ष की छात्राओं ने विकसित भारत के विजन, चैलेंज और आगे की राह के ऊपर एक झांकी निकाली। कॉलेज अध्यक्ष राजकुमार ने गणतंत्र राष्ट्र के नागरिक होने के अधिकारों, कर्तव्यों के बारे में बताया व सचिव रमेश सांगवान ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने विचार प्रकट किये व सभी उपस्थित स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

अजीत समाचार 28-Jan-2025
Page: 10
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अख़बार
http://www.ajitsamachar.com/20250128/27/10/1_1.cms

हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Rohtak Ambala 28-01-2025 - 28 Jan 2025 - Page 4



# भावी शिक्षकों ने देश के शहीदों को किया याद

**बराड़ा।** लॉर्ड कृष्णा शिक्षण महाविद्यालय अधोया में गणतंत्र दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में कॉलेज कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार सांगवान व सचिव रमेश सांगवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ ध्वजारोहण से हुआ। मंच संचालन सहायक प्रोफेसर जगवीर सिंह ने किया। इसके बाद मां सरस्वती की वंदना की गई। बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा कोमल, सोनिया व बीएड प्रथम वर्ष के छात्र अमन बिंदल ने कविता से अपने देशभक्ति के विचारों को प्रकट किया। बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा रचना व बीएड प्रथम वर्ष के छात्र अमन ने देश भक्ति गीत सुनाए। बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा रकशन्दा ने ट्रामा सेंटर के ऊपर एक स्पीच दी। कॉलेज के प्राध्यापक प्रवीण कुमार द्वारा 26 जनवरी मनाने के कारण व संक्षिप्त में ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर चर्चा की गई। बीएड प्रथम वर्ष की छात्राओं ने विकसित भारत के विजन ,चैलेंज और आगे की राह के ऊपर एक झांकी निकाली गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ रेनू सहोता ने अपने वक्तव्य में देश के प्रति निष्ठा एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए आवश्यक कर्तव्य व अधिकारों के पालन पर जोर दिया।